## एक नजर में

### ग्रामीण क्षेत्र के आठ निरीक्षकों के तबादले

**इंदौर.** इंदौर ग्रामीण पुलिस में शनिवार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेंद्र कुमार वर्मा ने आठ निरीक्षकों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं. इनमें बेटमा और देपालपुर थाना प्रभारियों की अदला-बदली भी शामिल है. तबादला आदेश के अनुसार बेटमा थाना प्रभारी मीना कर्णावत को देपालपुर और देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल को बेटमा भेजा है. वहीं महू थाना प्रभारी राहुल शर्मा को रक्षित केंद्र भेजा है, जबकि रक्षित केंद्र से पवन यादव को महू थाने की जिम्मेदारी दी गई है. इसी तरह रक्षित केंद्र से शैलेन्द्र मुकाती को चंद्रावतीगंज और कमलेश कुमार यादव को हातोद थाने में पदस्थ किया है. हातोद थाना प्रभारी संगीता सोलंकी को रक्षित केंद्र भेजा है.

### मातृत्व एवं शिशु पोषण संकल्प कार्यक्रम आयोजित



**इन्दौर.** रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन के होस्ट क्लब के साथ मिलकर रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर रॉयल, इन्दौर आदर्श, इन्दौर नॉर्थ, इन्दौर मेघदूत एवं इन्दौर यूनाइटेड के संयुक्त सहयोग से एम.टी.एच. हॉस्पिटल में मातृत्व एवं शिशु पोषण संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में रोटरी क्लबों की अध्यक्ष डॉ. आराधना सहाय, डॉ. चेतना जोसफ़, विनय गुप्ता, किरण मोदी एवं इसाबेल स्वामी, पीडीजी डॉ. रितु ग्रोवर सहित 22 लेडी रोटेरियन उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती माताओं, प्रसवोत्तर माताओं, पोस्ट-ऑपरेटिव माताओं एवं उनके परिजनों को मातृ स्वास्थ्य, पोषण, स्तनपान एवं नवजात शिशु की देखभाल के प्रति जागरूक करना था. एम.टी.एच. हॉस्पिटल के डीन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग तथा शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सकों एवं एसोसिएट प्रोफेसर्स ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सम्मान एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया। पीडीजी रो. डॉ. रितु ग्रोवर ने रोटरी की सेवा भावना एवं समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी. इस अवसर पर रोटरी क्लबों द्वारा 100 नवजात शिशु किट, ऊनी स्वेटर सेट, 25 मातृत्व गाउन, 4 जोड़ी चप्पल, 15 किलो दलिया, 15 किलो गुड़, गीजर, म्यूजिक सिस्टम एवं माइक, 3 झूले तथा 10 स्लीपिंग सेट भेंट किए गए.

### माहेश्वरी कुटुम्ब की कावड़ यात्रा आज



**इंदौर.** पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब द्वारा 9 अगस्त को सुबह 9 बजे से रिंग रोड स्थित परस्पर गार्डन परिसर से निकलने वाली जय महेश कावड़ यात्रा में इस बार अनेक आकर्षण शामिल होंगे. यात्रा में देश की 7 प्रमुख नदियों के जल के साथ ही 6 झांकियां और लगभग ढाई हजार श्रद्धालु बोल बम और जय शिव का उद्घोष करते हुए शामिल होंगे. शनिवार को परस्पर गार्डन परिसर पर आयोजित महती बैठक में कावड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया. बैठक में माहेश्वरी कुटुम्ब के संस्थापक शारदा प्रकाश अजमेरा एवं प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष अजय झंवर सहित माहेश्वरी सभा एवं अन्य सहयोगी संगठनों की ओर से महेश मूंगड, अशोक इनानी, मनोज छापरवाल, पुष्प माहेश्वरी, अजय झंवर, दिलीप लोया, मधुसूदन भल्लिका, रुपेश भूतड़ा, राजेश मूंगड, सुरेश हेडा, श्रीमोहन सोमानी, गोपाल राठी एवं माहेश्वरी समाज के प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह निर्णय भी लिया गया कि यात्रा में शामिल सभी मातृशक्ति पीताम्बर एवं पुरुष भगवा धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा के परिधान में शामिल होंगे।

### वर्तमान परिस्थितियों पर करना चाहिए चिंतन



**इंदौर.** नरसिंह वाटिका में अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. कुमुदलता महाराज साहब के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया. साध्वी डॉ. कुमुदलता ने कहा कि यदि व्यक्ति जीवन में सुखी रहेगा तो वह लंबे समय तक स्वस्थ और प्रसन्न रहकर कार्य कर पाएगा इसलिए जीवन में ऐसी परिस्थितियों से दूर रहना चाहिए जहां अनावश्यक रूप से कोर्ट, अस्पताल और पुलिस के चक्कर लगाने पड़ें. हमें अपने जीवन और समाज की वर्तमान परिस्थितियों पर भी चिंतन करना चाहिए. एक समय था जब सत्य की जीत होती थी, लेकिन आज कई बार धन के बल पर भी जीत हासिल कर ली जाती है। जब-जब समाज में झूठ और असत्य का वातावरण बढ़ता है, तब कोई न कोई महापुरुष जन्म लेकर समाज को नई राह दिखाता है और अपने जीवन से आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश छोड़ जाता है. सभा में भोपाल से प्रसिद्ध मंत्र-ज्योतिष, हीलिंग, विशेषज्ञ संजयजी लोढ़ा भी पधारे. ज्योतिष, वास्तु, रेकी, मंत्र आदि क्षेत्रों में उनके कार्य के लिए उन्हें स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया. धर्मसभा में बेंगलुरु सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पधारे. धर्मसभा का संचालन जिनेश्वर जैन ने किया आभार प्रकाश भटेवरा ने माना.

### तीनदिवसीय मध्य प्रदेश फूड फ़ेस्टिवल 14 से



**इंदौर.** इंदौर का कम्युनिटी प्लेटफ़ॉर्म उड़ते कबूतर और अनसीन एमपी पहली बार मध्य प्रदेश की समृद्ध पाक विरासत को समर्पित मध्य प्रदेश फ़ूड फ़ेस्टिवल% लेकर आ रहे हैं। यह तीन दिवसीय आयोजन 14 से 16 अगस्त तक फीनिक्स सिटाडेल मॉल, इंदौर में आयोजित किया जाएगा. इस फ़ूड फ़ेस्टिवल में आगंतुकों को मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों—मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, बघेलखंड, महाकौशल, चंबल-ग्वालियर और जनजातीय क्षेत्रों—के 50 से अधिक पारंपरिक एवं प्रामाणिक व्यंजनों का स्वाद एक ही स्थान पर चखने का अवसर मिलेगा. सभी व्यंजन प्रसिद्ध फ़ूड रिसर्चर एवं सेलिब्रिटी शेफ हर्षिता काकवानी और उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा तैयार किए जाएंगे. खाद्य संस्कृति पर शोध कर रहीं शेफ हर्षिता काकवानी ने कहा कि इस फ़ेस्टिवल का उद्देश्य लोगों को मध्य प्रदेश के वास्तविक और कम चर्चित स्वादों से परिचित कराना है. उड़ते कबूतर के संस्थापक शशांक गर्ग और ऋतिक साहू ने बताया कि यह आयोजन केवल एक फ़ूड फ़ेस्टिवल नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, स्थानीय व्यंजनों और पारंपरिक खाद्य विरासत को नए दर्शकों तक पहुँचाने का एक सामूहिक प्रयास है. अनसीन एमपी के संस्थापक रौनक आनंद ने कहा कि जिस तरह यह मंच मध्य प्रदेश की अनदेखी कहानियों को दुनिया तक पहुंचा रहा है, उसी तरह अब प्रदेश के असली स्वाद को भी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है.

## नगर में आज

**पौधारोपण महाअभियान**

**समय**-सुबह 10 बजे, **स्थान**- रेवती रेंज

**विश्व आदिवासी दिवस पर रैली**

**समय**- सुबह **स्थान**- लाख बाग से

# 69वें ग्रीन कॉरिडोर में दो मरीजों को मिली किडनी, नेत्रदान भी हुआ

## पहले खुद लिया अंगदान का संकल्प, फिर पति के अंगदान पर किए हस्ताक्षर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पति के निधन की खबर से परिवार सदमे में था, लेकिन इसी बीच पत्नी ने ऐसा फैसला लिया जिसने वहां मौजूद लोगों को भी भावुक कर दिया. पति के अंगदान की सहमति देने से पहले पत्नी ने खुद अंगदान और देहदान का संकल्प लिया. इसके बाद पति के अंगदान की अनुमति दी. परिवार के इस फैसले से दो मरीजों को किडनी मिली, जबकि नेत्रदान भी किया. अंगों को समय पर अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए इंदौर का 69वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया.



शुजालपुर में रहने वाले 54 वर्षीय कैलाश नारायण पाठक मंडी सचिव, बड़ोद के पद पर कार्यरत थे. उनकी संभावित ब्रेन डेथ के बाद डॉक्टरों ने परिजन से अंगदान को लेकर चर्चा की. पत्नी मनोरमा ने पहले अपना संकल्प पत्र भरा. इसके बाद उन्होंने पति के अंगदान की सहमति दी. बेटियां प्रतिमा और पूजा तथा बेटे शुभम ने भी परिवार के इस फैसले में साथ दिया. परिवार ने सभी संभावित अंगों के दान की सहमति दी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से केवल दो किडनी और नेत्रदान ही संभव हो सका. दोनों किडनी अलग-अलग मरीजों के प्रत्यारोपण के लिए भेजी गईं. एक किडनी चोइथराम अस्पताल और दूसरी एमिनेंट अस्पताल के मरीज को दी गई. नेत्रदान शंकरा आई अस्पताल के माध्यम से कराया. अंगदान की प्रक्रिया के दौरान अस्पताल से संबंधित मरीजों तक अंग पहुंचाने के लिए दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए. पूरी प्रक्रिया में करीब 60 घंटे तक चिकित्सकों, अंगदान समन्वयकों और सेवादारों की टीम सक्रिय रही. परिवार से बातचीत और जरूरी व्यवस्थाओं के बीच एक-एक प्रक्रिया पूरी की गई. अंगदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कैलाश पाठक के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया. सुबह करीब 7.30 बजे पार्थिव शरीर शुजालपुर स्थित उनके घर के लिए रवाना किया. इस पूरी प्रक्रिया में सांसद शंकर लालवानी ने भी परिवार से संपर्क बनाए रखा. संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार, सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघेरिया और अंगदान से जुड़े अधिकारियों ने आवश्यक समन्वय किया. पुलिस प्रशासन और चिकित्सकीय टीमों ने भी ग्रीन कॉरिडोर के दौरान व्यवस्थाएं संभालीं.

> **दो मरीजों को मिली नई जिंदगी...**
>
> परिवार जिस परिस्थिति से गुजर रहा था, उसमें भी उन्होंने अंगदान का फैसला लिया. पत्नी ने पहले स्वयं अंगदान देहदान का संकल्प लेकर पति के अंगदान की सहमति दी, यह निर्णय बेहद भावुक करने वाला था. दो मरीजों को किडनी मिलने से उन्हें नई जिंदगी की उम्मीद मिली है.
>
> - जीतू बगानी, मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**इंदौर.** जूनी इंदौर इलाके में शनिवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली. ट्रेन की चपेट में आने के बाद शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था. पुलिस के लिए फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती मृतक की पहचान करना है, क्योंकि मौके से उसकी पहचान से जुड़ी कोई चीज नहीं मिली. पुलिस को रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंची. जांच के दौरान युवक का शव ट्रैक के आसपास अलग-अलग हिस्सों में मिला. पुलिस ने शव के हिस्सों को एकत्र कर तीन पोटलियों में पैक कराया और पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने मौके की जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है. प्रारंभिक जांच में युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना सामने आया है. हालांकि यह हादसा था या युवक किसी अन्य वजह से ट्रैक पर पहुंचा था, पुलिस इसकी भी जांच कर रही है. मृतक के पास मोबाइल, पहचान पत्र या कोई अन्य दस्तावेज नहीं मिला है.

# राजा रघुवंशी के दोनों भाईयों को भेजा जेल

- **सचिन पर बिना लाइसेंस शराब परोसने का आरोप**
- **विपिन ने ढाबे के वर्करों की जानकारी पुलिस से छिपाई**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** देशभर में चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद अब उसके दोनों भाइयों पर पुलिस ने कार्रवाई की है. कैट रोड स्थित राजा भोज ढाबे पर शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान एक भाई पर बिना वैध लाइसेंस ग्राहकों को शराब परोसने का मामला दर्ज हुआ, जबकि दूसरे पर ढाबे में काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी थाने में जमा नहीं कराने को लेकर कार्रवाई की गई.

दरअसल, राऊ पुलिस क्षेत्र के होटल, ढाबों और लॉज की जांच कर रही थी. इसी दौरान टीम कैट रोड स्थित राजा भोज ढाबे पहुंची. जांच में ग्राहकों को बिना वैध लाइसेंस शराब परोसे जाने की बात सामने आई. पुलिस ने ढाबे के मैनेजर सचिन रघुवंशी सहित संबंधित लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया. जांच के दौरान पुलिस को ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी थाने में जमा नहीं कराए जाने की भी जानकारी मिली. इस पर ढाबा संचालक विपिन रघुवंशी के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया. पुलिस द्वारा दोनों भाइयों सहित पांच लोगों पर कार्रवाई की गई है. पुलिस ने सभी को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया.




> **ढाबों की जांच जारी रहेगी...**
>
> एसीपी, निधि सक्सेना के अनुसार, राऊ क्षेत्र में होटल, ढाबों और लॉज की लगातार जांच की जा रही है. नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.

# स्मार्ट मीटर लगाने में मैदानी चुनौतियां, इंजीनियरों को दी ट्रेनिंग

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** स्मार्ट मीटर योजना को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को अपने ही मैदानी अमले की क्षमता बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है. योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए शनिवार को बिजली इंजीनियरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इससे साफ है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना और उससे जुड़ी तकनीकी प्रक्रिया को लेकर मैदानी स्तर पर कर्मचारियों को लगातार अपडेट रखने की जरूरत महसूस हो रही है. कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एसएल करवाडिया और अतिरिक्त मुख्य अभियंता तरुण उपाध्याय सहित अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम क्षेत्र में स्मार्ट मीटर की स्थापना को



अधिक प्रभावी बनाने के लिए मैदानी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नई तकनीकी जानकारी देने के लिए आगे भी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे. प्रशिक्षण में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, धार, देवास, शाजापुर और आगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ इंजीनियर शामिल हुए। उन्हें स्मार्ट मीटर की स्थापना, उपभोक्ताओं से समन्वय, डाटा प्रबंधन और बिलिंग में पारदर्शिता जैसे विषयों की जानकारी दी गई. स्मार्ट मीटर योजना को लेकर सबसे महत्वपूर्ण चुनौती इसकी मैदानी स्थापना और उपभोक्ताओं के साथ समन्वय है. इसी को देखते हुए प्रशिक्षण में उपभोक्ता संवाद और स्थापना प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया. अधिकारियों और इंजीनियरों के बीच प्रश्नोत्तरी भी हुई, जिसमें स्मार्ट मीटर से जुड़े विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक सवालों पर चर्चा की गई.

### घर में घुसकर शराब के लिए रुपए मांगे, इंकार पर महिला को पीटा

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश महिला के घर में जबरन घुस गया और शराब पीने के लिए दो हजार रुपए मांगने लगा. महिला ने रकम देने से इनकार किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. घटना के समय महिला की मां भी घर में मौजूद थीं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. मां शारदा नगर निवासी निशा वर्मा के घर पर रात करीब पौने 11 बजे किसी ने दरवाजा खटखटाया. निशा ने दरवाजा खोला तो श्यामनगर एक्सटेंशन निवासी राहुल सिसोदिया उसे धक्का देकर अंदर घुस गया. इसके बाद उसने शराब पीने के लिए दो हजार रुपए मांगे. निशा ने पैसे नहीं होने की बात कहते हुए रकम देने से इनकार कर दिया. इससे राहुल भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा. निशा ने विरोध किया तो उसने धक्का देकर मारपीट की और धमकी दी कि पैसे नहीं दिए तो जान से मार देगा.

# बच्चे के इलाज के बहाने युवक को घर बुलाया और कर दी हत्या

- **पत्नी के साथ मिलकर शव तलाई में दफनाया**
- **पांच घंटे में अंधेकत्ल का खुलासा, पति-पत्नी गिरफ्तार**

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. बड़गोंदा थाना क्षेत्र में बच्चे के इलाज के बहाने घर बुलाए 30 वर्षीय युवक की सिर और गर्दन पर डंडे से वार कर हत्या कर दी गई. हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के साथ मिलकर शव तलाई में दफना दिया और परिवार सहित फरार हो गया. पुलिस ने शव मिलने के पांच घंटे के भीतर वारदात का खुलासा कर आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया.



पुलिस के अनुसार, गवली पलासिया के पास मोहन पटेल के खेत में गुरुवार 6 अगस्त की सुबह जमीन में शव दबे होने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने खुदाई कर शव बाहर निकाला. उसकी पहचान 30 वर्षीय मिथुन उर्फ धर्मेन्द्र मालवीय निवासी खेड़ला, गवली पलासिया के रूप में हुई. मिथुन बुधवार 5 अगस्त से लापता था. उसके सिर और गर्दन पर गंभीर चोटों के निशान मिले. जांच के दौरान पुलिस को सुनिल उर्फ सुखराम भाभर पर संदेह हुआ. विशेष टीम ने उसकी तलाश शुरू की और उसे धार जिले के नालछा थाना क्षेत्र के भीलकुंडा से हिरासत में लिया.

**पत्नी से छेड़छाड़ के विवाद में की हत्या:** पूछताछ में उसने पत्नी के साथ मिलकर हत्या करना कबूल लिया. इसके बाद पुलिस ने उसकी पत्नी रबिना को भी गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में सामने आया कि मंगलवार 4 अगस्त की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच सुनिल मिथुन को बच्चे के इलाज के बहाने अपने घर लाया था. सुनिल के बाहर जाने के दौरान मिथुन ने उसकी पत्नी रबिना को कथित तौर पर गलत नीयत से पकड़ लिया. रबिना के विरोध करने पर विवाद हुआ. इसी दौरान सुनिल ने डंडे से मिथुन के सिर और गर्दन पर वार कर दिया. गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हत्या के बाद सुनिल और रबिना ने शव को नाले के पास बनी तलाई में गड्ढा खोदकर दफना दिया. इसके बाद दोनों परिवार सहित वहां से फरार हो गए.

> **दंपति को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है...**
>
> पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर हत्या और साक्ष्य छिपाने का प्रकरण दर्ज किया है. पूछताछ में दोनों की भूमिका सामने आई है. मामले में आगे की जांच की जा रही है.
>
> **- ललित सिंह सिकरवार,** एसडीओपी, महू

# एक साल बाद फिर खुली फिलिपींस के नंबर से आए कॉल की फाइल

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. 50 लाख रुपए की रंगदारी वसूलने और धमकी देने के लिए फिलिपींस के नंबर का इस्तेमाल किया, जो खजराना के एक युवक के पास मिला. करीब एक साल पुराने इस मामले की जांच अब फिर शुरू हुई है. पुलिस ने कांग्रेस पार्षद के पति शेख अलीम से पूछताछ की है. उनके बेटे से भी मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है.**

**मुख्य बिंदू**

- **50 लाख की रंगदारी मांगने और धमकी देने का मामला**
- **खजराना का एक युवक चला रहा था फिलिपींस के नंबर की सिम**
- **पूछताछ में पार्षद पति का नाम आया सामने**

मई 2025 में एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत की थी कि उसे 50 लाख रुपए देने के लिए फोन पर धमकाया जा रहा है. जांच में जिस नंबर से कॉल आया, वह फिलिपींस का निकला. पुलिस ने नंबर की पड़ताल की तो उसका इस्तेमाल ग्रीन पार्क, खजराना निवासी मिकाइल शेख द्वारा किए जाने की जानकारी सामने आई. इसके बाद पुलिस ने मिकाइल से पूछताछ की. पूछताछ में मिकाइल ने पुलिस को बताया था कि उसने शेख अलीम के कहने पर फोन कर 50 लाख रुपए की धमकी दी थी. जांच के दौरान पीड़ित की बेटी और अलीम के बेटे अली के बीच पुराना विवाद भी सामने आया, रंजिश के चलते उसने मिकाइल से धमकी भरा फोन करवाया था.

उस समय मामला आगे नहीं बढ़ पाया था, लेकिन अब पुलिस ने पुरानी फाइल फिर खोल दी है. थाना प्रभारी खजराना, मनोज सैंधव के अनुसार, अलीम से पूछताछ कर पुराने घटनाक्रम, मिकाइल के बयान और धमकी वाले फोन से जुड़े तथ्यों के बारे में जानकारी ली गई है. पुलिस अब मिकाइल के बयान की भी दोबारा पड़ताल की जा रही है.

# स्कूल की बच्चियों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**इंदौर.** रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स द्वारा अपने प्रकल्प लिटरेसी आर्मी के अंतर्गत सिविल डिफेंस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजय नगर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे विपरीत परिस्थितियों में निडर होकर अपनी सुरक्षा कर सकें.



कार्यक्रम के बारे में अध्यक्ष प्रियांकी माहेश्वरी ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे निडर व सशक्त बनेंगी. कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रवि नंदी द्वारा विद्यालय में छात्राओं की सुविधा हेतु पंखे दान स्वरूप प्रदान किए गए. प्रशिक्षण सत्र में सिविल डिफेंस के विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को शारीरिक रक्षा तकनीकों और आत्मविश्वास बढ़ाने के व्यावहारिक गुर सिखाए गए. कार्यक्रम में सिविल डिफेंस से ट्रेनर एवं सीनियर वार्डन रूपेश निचानी, ट्रेनर एवं सीनियर सेक्टर वार्डन पंकज कटारिया, आत्मरक्षा ट्रेनर एवं वार्डन कैलाश यादव, असिस्टेंट सीडीआई एवं मास्टर ट्रेनर रंगपाल सिंह तथा आत्मरक्षा ट्रेनर सुरेश गुर्जर उपस्थित रहे. विद्यालय की ओर से प्राचार्या शबाना शेख एवं समन्वयक नीरजा श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स की ओर से अध्यक्ष प्रियांकी माहेश्वरी, लिटरेसी आर्मी की निदेशक डॉ. पूजा अग्रवाल, वोकेशनल सर्विस डायरेक्टर दीपा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे. सभी पार्टिसिपेंट्स को रोटरबक्लिब द्वारा पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया.

**एक नजर में** | मध्यप्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन इंदौर जोन के सेमिनार में नई टैक्स ऑडिट व्यवस्था की बारीकियां समझीं

# रिपोर्ट फाइनल करने से पहले हर क्लॉज और डेटा का करें मिलान

**इंदौर.** टैक्स ऑडिट अब केवल खातों की जांच और फॉर्म 3 सीडी भरने की औपचारिकता नहीं रह गया है. जीएसटी, टीडीएस, एआईएस, 26 एएस और वित्तीय विवरणों में दिखाई देने वाले आंकड़ों के बीच मामूली अंतर भी रिपोर्टिंग का विषय बन सकता है. वहीं, टैक्स ऑडिट रिपोर्ट में देरी पर 1.50 लाख रुपए तक की पेनल्टी के प्रावधान ने करदाताओं और टैक्स प्रोफेशनल्स के सामने इसकी कानूनी वैधता और रीजनेबल कॉज जैसे महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं.



इन्हीं व्यावहारिक और कानूनी पहलुओं पर मध्य प्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन इंदौर ज़ोन के विशेष सेमिनार में विशेषज्ञों ने गहन मंथन किया.

मुख्य वक्ता एवं अहमदाबाद से आए सीए पलक पावागढ़ी ने नई टैक्स ऑडिट व्यवस्था एवं व्यावहारिक रिपोर्टिंग की बारीकियाँ विषय पर टैक्स ऑडिट की बदलती प्रकृति और रिपोर्टिंग की बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले केवल बुक्स ऑफ एकाउंट्स की जांच पर्याप्त नहीं है, बल्कि उपलब्ध विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों का आपसी मिलान और उनके बीच अंतर का उचित विश्लेषण भी आवश्यक है. उन्होंने विशेष रूप से असेसमेंट ईयर 2026-27 के टैक्स ऑडिट को लेकर महत्वपूर्ण व्यावहारिक बिंदुओं पर चर्चा की. सीए पावागढ़ी ने कहा कि जीएसटी टर्नओवर और बुक्स के टर्नओवर के बीच अंतर, एआईएस एवं 26एएस में उपलब्ध इनफार्मेशन तथा बुक्स में दर्ज फिगर्स के बीच मिसमैच को भी कारण सहित ऐनालाइज करना चाहिए. किसी भी क्वालिफिकेशन, एडवर्स ऑब्ज़र्वेशन या मटेरियल इन्कन्सीस्टेंटी को स्पष्ट और तथ्यात्मक रूप से रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

> **देरी का कारण देखना जरूरी**
>
> दूसरे तकनिकी सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सीए सुमित नेमा ने कहा कि जहां कानून में रीजनेबल कॉज का स्टेट्यूटरी डिफेंस उपलब्ध है, वहां पेनल्टी प्रोसीडिंग्स में यह देखना जरूरी है कि देरी का कारण वास्तविक, उचित और परिस्थितियों के अनुरूप था या नहीं. कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन एमपीटीसीए इंदौर ज़ोन के चेयरमैन सीए सत्यनारायण गोयल ने दिया. उन्होंने कहा कि बदलते कर कानूनों और बढ़ती कम्प्लायंस रिक्वायरमेंट के बीच टैक्स प्रोफेशनल्स के लिए नियमित टेक्निकल अपडेशन अत्यंत आवश्यक है. संचालन एमपीटीसीए के सचिव सीए शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने किया. दोनों विशेषज्ञ वक्ताओं का परिचय सीए कीर्ति जोशी ने प्रस्तुत किया. सीए राजेश मेहता ने आभार माना.